हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

11 अपराध पर जीरो टॉलरेंस, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त



12 झज्जर जिले का स्थापना दिवस आज, बदली तस्वीर






## खबर संक्षेप

### गणना प्रपत्र एकत्र करने की अवधि 24 जुलाई तक बढ़ाई

**झज्जर।** मंगलवार को डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों के साथ एसआईआर अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बेशक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर अभियान के तहत संशोधित कार्यक्रम जारी किया है,मगर प्रत्येक वोटर 24 जुलाई का इंतजार न करते हुए आज ही अपना हस्ताक्षर युक्त गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा करवाएं ताकि प्रपत्रों का साथ साथ डिजिटाइजेशन हो सके। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के चलते बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्र करने की अवधि 24 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

### दिनभर तेज धूप, सायं हल्की बारिश आई

**झज्जर।** मंगलवार को दिनभर सूर्यदेव के तेवर तल्ख रहे। सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को खूब परेशान किया, लेकिन सायं एकाएक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में बादल छा गए। करीब पंद्रह से बीस मिनट तक हल्की बारिश हुई। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।

### डबल मर्डर केस में पकड़ा एक और आरोपी

**झज्जर।** बीते दिनों झज्जर गुरुग्राम मार्ग पर दुलीना पुलिस चौकी के नजदीक मिले दो व्यक्तियों के शव मामले में कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ की टीम ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। स्पेशल स्टाफ प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डबल मर्डर मामले में तीसरे आरोपी सिकंदर निवासी मेरठ को गिरफ्तार किया है। आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से हत्या की साजिश, वारदात में उसकी भूमिका, हथियार व अन्य फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

### ओमेक्स सिटी में सोमवार रात भाइयों के पास से लौटा युवक, मंगलवार को परिवार खत्म

# प्रेम विवाह का अंत : पत्नी साथी संग रह रही थी बेड पर दो बेटों और फंदे पर मिला पति का शव

- सोमवार रात को भाइयों को कहकर आया था कि पत्नी आने वाली है, 8 व 5 साल के थे बेटे
- वॉशिंग मशीन में नोट मिला- पत्नी और उसके साथी से जान का खतरा बताया, परिजनों के बयान पर दोनों पर हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

इलाके में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां ओमेक्स सिटी के फ्लैट में एक व्यक्ति फंदे पर लटका हुआ मिला तो उसके 2 बच्चे बेड पर मृत अवस्था में मिले। घर में रखी वॉशिंग मशीन से एक नोट बरामद हुआ, जिसमें पत्नी और उसके साथी से जान का खतरा बताया गया है।

नोट और परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके साथी पर हत्या की धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पूरी होने के बाद असल खुलासा हो पाएगा। मामला ओमेक्स के बीपीएल फ्लैट नंबर-309 का है। मृतकों की पहचान करीब 37 वर्षीय सुनील तथा उसके बेटे 8 वर्षीय रोहित व 5 वर्षीय मोहित के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, सुनील के दोनों भाई और परिवार लाइनपार के हरि नगर में रहते हैं, जबकि वह अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ ओमेक्स में रह रहा था। मामले में सामने आया है कि सुनील ने मधु से प्रेम विवाह किया था और बीते कुछ दिन से दोनों अलग थे। सुनील भी इन दिनों लाइनपार में अपने भाइयों के पास गया हुआ था और सोमवार की रात को ही फ्लैट पर यह कहकर लौटा था कि पत्नी आने वाली है। लेकिन किसी को यह अंदाजा नहीं था कि सुनील और उसके बच्चों की यह आखिरी रात होगी। सुनील का छोटा भाई प्रवीण जब फ्लैट पर आया तो अंदर के हालात देखकर उसके होश उड़ गए। फंदे पर सुनील लटका हुआ था और दोनो बच्चे बेड पर मृत पड़े थे। वह चिल्लाया तो आसपास लोग एकत्र हुए। सूचना पाकर सेक्टर 6 थाना प्रभारी सतबीर सिंह टीम सहित मौके पर जांच करने पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर आकर साक्ष्य जुटाए। जब पुलिस जांच कर रही थी तो इसी दौरान मृतक की पत्नी मधु आई। पुलिस ने उससे पूछताछ की। शवों को नागरिक अस्पताल में रखवा कर परिजनों के बयान लिए। शुरुआती तौर पर प्रतीत हुआ कि बच्चों को जहर देने के बाद सुनील ने आत्महत्या की लेकिन कमरे में वॉशिंग मशीन से एक नोट बरामद हुआ। नोट में सुनील ने अपनी पत्नी और उसके साथी से जान का खतरा होने का जिक्र किया है।



**बहादुरगढ़।** मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस।

#### फोन नहीं उठाया तो भाई फ्लैट पर पहुंचा

मृतक के छोटे भाई प्रवीण ने शिकायत में कहा है कि अमावस्या के कारण मां ने सुबह भाई को फोन करने के लिए कहा था ताकि एक साथ पूजा कर सकें। काफी प्रयास के बाद भी कॉल रिसीव नहीं हुई तो फ्लैट पर गया। वहां कमरा खोला तो मंजर भयावह था। हमें अपने भाई और बच्चों की हत्या की आशंका है। भाई की पत्नी ने अपने साथी के साथ मिलकर मामले को अंजाम दिया है। भाई द्वारा लिखे गए नोट में जिक्र है कि पत्नी साथी संग मिलकर उन्हें मार सकती है।

#### अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोग भी स्तब्ध हैं। पुलिस ने प्रवीण की शिकायत पर फिलहाल सुनील की पत्नी और उसके साथी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच पूरी होने के बाद असल सच्चाई सामने आ सकेगी। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस कई पहलुओं पर जांच आगे बढ़ा रही है। कॉल डिटेल्स से लेकर आसपास सीसीटीवी खंगाले जाएंगे। पूछताछ का सिलसिला भी जारी है। वहीं पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने कहा कि केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच चल रही है। जल्द ही केस को सुलझाएंगे।

# प्रवासी की हत्या के बाद शव झाड़ियों में फेंका

- कमरे में साथ रहने वाले तीन युवकों पर हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

उत्तरप्रदेश मूल के एक व्यक्ति की बहादुरगढ़ में डंडे व कस्सी के बिट्टों से प्रहार कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को खुर्द बुर्द करने के मकसद से कमरे से काफी दूर झाड़ियों में फेंक दिया। साथ रहने वाले गांव के ही 3 युवकों पर ही झगड़े के बाद हत्या का आरोप है। हत्या के असल कारणों की पुष्टि जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगी। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



मृतक सत्यपाल

मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय सत्यपाल के रूप में हुई है। मूल रूप से उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक, सत्यपाल का बेटा शिवम पिछले कुछ वर्षों से यहां बहादुरगढ़ में रहता है। करीब एक महीने पहले ही सत्यपाल रोजगार के सिलसिले में अपने गांव से यहां आया और सराय औरंगाबाद में गांव के ही 3 युवकों के साथ किराये पर रह रहा था। गत 11 जुलाई की रात को वह संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुआ। बेटे व अन्य परिजनों को जब उसकी गुमशुदगी और हत्या की भनक लगी तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद जांच शुरू हुई। इसी दौरान सोमवार की रात को सत्यपाल का शव सेक्टर-17 के निकट झाड़ियों में बरामद हुआ। शव डिकंपोज हालत में था। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी जांच करने पहुंची। मंगलवार को पुलिस ने परिजनों के बयान लिए। बेटे शिवम की शिकायत पर पुलिस ने 3 नामजद युवकों पर केस दर्ज किया है। मामले में फिलहाल सामने आया है कि किसी बात पर उनमें झगड़ा हुआ और सत्यपाल की मौत हो गई। बाद में तीनों ने खुर्द बुर्द करने के मकसद से शव झाड़ियों में फेंक दिया। जांच अधिकारी पीएसआई जितेंद्र का कहना है कि प्रथमदृष्टया झगड़े के बाद डंडों से प्रहार कर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में 3 युवकों पर केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात सुलझाई जाएगी।

# डीघल में महिला ने फांसी लगा दी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

क्षेत्र के गांव डीघल में एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान करीब 45 वर्षीया कविता पत्नी अजमेर के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सुबह परिजनों को कविता द्वारा फांसी लगाने का पता चला। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। फिलहाल महिला ने फांसी क्यों लगाई इस कारण का पता नहीं चल पाया। इस संबंध में मृतका के पुत्र अश्वनी के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।



कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** शहर की बैंक कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ से एक महिला की मौत हो गई। देर रात की यह घटना बताई जा रही है। मृतका की पहचान 41 वर्षीय पूनम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे जहरीले पदार्थ से महिला की तबीयत बिगड़ी थी। आनन-फानन में अस्पताल ले जाई गई तो इलाज के दौरान मृत घोषित कर दी गई। सूचना पाकर सेक्टर 9 चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### सड़क दुर्घटना में प्रवासी श्रमिक की मौत

**झज्जर।** गांव दूबलधन से ढराणा जाने वाले मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से सुखचंद, थाना कुमारखंड, मध्यपुरा बिहार निवासी करीब 31 वर्षीय अंगद पुत्र शिवांश ऋषि के रूप में हुई है। अंगद करीब एक माह पहले ही यहां दूबलधन क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए आया था। वह फिलहाल दूबलधन गांव में रहता था। जांच अधिकारी आरती ने बताया कि सुबह राहगीरों द्वारा पुलिस को दूबलधन-ढराणा मार्ग पर दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत की सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि अंगद जब ढराणा से दूबलधन गांव की ओर मोटरसाइकिल पर लौट रहा था तो उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

# तीसरे दिन आठ किलोमीटर दूर अकेहड़ी मदनपुर के नजदीक मिला लापता लेक्चरर विकास का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

गांव मातनहेल में शनिवार रात करीब ढाई बजे गाड़ी लेकर घर से निकले लेक्चरर विकास दहिया का शव तीसरे दिन अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस के नजदीक नहर से बरामद हुआ है। नहर किनारे गाड़ी मिलने के बाद पुलिस द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर रविवार अलसुबह से नहर में सर्च अभियान चलाया जा रहा था।



विकास दहिया।

इसके लिए मधुबन व भौंडसी से गोताखोर बुलाए गए थे। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस से पहले और घटनास्थल से करीब आठ किलोमीटर दूर लेक्चरर विकास दहिया का शव बरामद किया गया। शव गली सड़ी अवस्था में था। पुलिस द्वारा उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। यहां पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बता दें कि स्थानीय राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में लेक्चरर पद पर कार्यरत विकास दहिया शनिवार रात करीब ढाई बजे घर से अपने भाई पंकज दहिया की गाड़ी लेकर निकले थे, जिसके बाद सुबह गांव के नजदीक से गुजरती नहर किनारे गाड़ी खड़ी मिली। जिसमें उनका मोबाइल भी था। इसके बाद परिजनों द्वारा उनके डूबने की आशंका जताई गई और पुलिस को सूचना देकर उसकी तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। उधर, विधायक गीता भुक्कल और जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और न्याय दिलाने की बात कही।



**झज्जर।** मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए विधायक गीता भुक्कल।

#### पत्नी व सास-ससुर को ठहराया जिम्मेदार

पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई पंकज दहिया ने विकास दहिया की मौत मामले में एक सुसाइड नोट का जिक्र भी किया है। शिकायत में बताया गया है कि जब वह रविवार सुबह करीब पांच बजे उठा तो उसके घर का दरवाजा बाहर से बंद था और उसकी गाड़ी व उसका भाई विकास दहिया घर पर नहीं था। जब विकास की पत्नी से इस बारे बात की तो उसने बताया कि वह रात करीब ढाई बजे चौबारे से नीचे उतरे थे जिसके बाद वापिस नहीं लौटे। पंकज दहिया के अनुसार इसके उपरांत जब वह अपने भाई को तलाशने लगा तो उसकी गाड़ी, मोबाइल व चाबी नहर के पुल के पास मिली। इसके बाद डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया गया। इस दौरान जब उसने भाई का फोन का चेक किया तो उसमें सुबह 3 बजकर 6 मिनट पर डाक्यूमेंट फाइल में एक सुसाइड नोट मेरी बहन के मोबाइल पर भेजा गया था। इस सुसाइड नोट में इन सबका आरोप विकास दहिया द्वारा अपनी पत्नी व उसके माता-पिता पर लगा रखा है।

### सेक्टर-4बी में तैयार हो रहा 100 बिस्तरों का अस्पताल, 50 हजार कर्मियों व परिवार को मिलेगा लाभ

# सात साल से ईएसआईसी अस्पताल शुरू होने का इंतजार कर रहे कर्मचारी

**मंजूरी 2018 में, शिलान्यास 2019, टेंडर 2021 में अलॉट और काम 2023 तक पूरा होना था**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

सिटी पल्स

औद्योगिक नगर में कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा सेक्टर-4बी में 100 बिस्तरों का अस्पताल बनवाया जा रहा है। इसकी मंजूरी 2018 में मिली, सीएम ने शिलान्यास 2019 में किया, टेंडर 2021 में अलॉट हुआ और काम 2023 तक पूरा होना था। लेकिन तय समयावधि में ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण पूरा नहीं हुआ। हालांकि निगम ने यहां स्टाफ की नियुक्ति भी कर दी है, लेकिन कर्मचारी करीब 7 सालों से इसके शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि बहादुरगढ़ में करीब 50 हजार कर्मचारी ईएसआईसी में अंशदान करते हैं। ईएसआईसी मानकर चलती है कि एक अंशदाता का मतलब कम से कम चार लोगों का परिवार तो होता ही है। अर्थात बहादुरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र के करीब 2 लाख लोग ईएसआई प्रदत्त स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े हुए हैं। ये तमाम लोग निगम से बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं लेने के हकदार हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने 17 नवंबर 2018 को बहादुरगढ़ में 100 बिस्तर के ईएसआईसी हॉस्पिटल की अनुमति दी थी।

राज्य सरकार ने एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-4बी में करीब 5 एकड़ जमीन चिन्हित की थी। सीएम मनोहर लाल ने 3 मार्च 2019 को इसका विधिवत शिलान्यास किया था। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने जुलाई-2021 में 95 करोड़ 91 लाख 6 हजार 209 रुपये की लागत से टेंडर जारी किया। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा 100 बेड के अस्पताल और 32 स्टॉफ क्वार्टरों के निर्माण का टेंडर मुकेश रंजन कॉन्ट्रैक्टर्स के नाम अलॉट किया था। यह काम 4 दिसंबर 2021 को शुरू हुआ था और निर्माण 3 दिसंबर 2023 तक पूरा होना था।



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-4बी में तैयार हो रहा ईएसआईसी अस्पताल का भवन।

#### 68.58 करोड़ रुपये में अलॉट हुआ टेंडर

सीपीडब्ल्यूडी ने ईएसआईसी अस्पताल के निर्माण पर कुल 95 करोड़ 93 लाख 43 हजार 591 रुपये खर्च होने का अनुमान बनाया था। लेकिन टेंडर 68 करोड़ 58 लाख 34 हजार 733 रुपये का अलॉट हुआ। इसमें सिविल वर्क पर 47 करोड़ 81 लाख 59 हजार 246 रुपए, इलेक्ट्रिकल वर्क पर 20 करोड़ 52 लाख 28 हजार 985 रुपये और हॉर्टिकल्चर पर 24 लाख 46 हजार 502 रुपये की लागत आनी थी।


#### काम में लेटलतीफी नई बात नहीं

मुकेश सिंह का कहना है कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के ढांचागत निर्माण में लेटलतीफी कोई नई बात नहीं है। सरकार ने ईएसआईसी अस्पताल के निर्माण के लिए करीब 8 साल पहले मंजूरी दी थी, लेकिन यह अस्पताल अब तक चालू नहीं हो पाया है।



#### डिस्पेंसरी में नहीं मिलता इलाज

चंद्रशेखर ने कहा कि ईएसआईसी के तहत बीमित कर्मचारियों को हर महीने वेतन से तय अंश देने के बावजूद चिकित्सा सेवाओं के नाम पर कुछ नहीं मिलता। बादली रोड, सेक्टर-6 व लाइनपार में डिस्पेंसरी में ना तो इलाज होता है और ना ही दवाइयां मिलती हैं।



#### लंबा होता जा रहा इंतजार

सोमबीर सिंह ने कहा कि करीब 8 साल पहले केंद्र सरकार ने 100 बिस्तर के ईएसआईसी हॉस्पिटल की अनुमति दी थी। सात साल पहले शिलान्यास के बाद 5 एकड़ जमीन पर 5 साल पहले निर्माण शुरू हुआ था। कामगारों को आज भी अस्पताल बनने का इंतजार है।



### ऑफिस में प्रॉपर्टी डीलर को पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में ऑफिस में घुसकर प्रॉपर्टी डीलर पर हमला किया गया। पांच हमलावरों ने डंडों से उस पर वार किए। जमीन की डीलिंग को लेकर हमले की बात सामने आई है। फिलहाल सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कानोंदा निवासी रमाकांत का कहना है कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग करता है। गांव में ही ऑफिस कर रखा है। गत 12 जुलाई को वह अपने ऑफिस में था। इसी दौरान शाम करीब साढ़े 6 बजे 5 युवक आए। एक खाली हाथ था और बाकी अन्य के हाथ में डंडे थे। वे कहने लगे कि इस्सरहेड़ी गांव में डील करने तू क्यों गया था। इनकार किया तो उन्होंने डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर आरोपी गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बयान दर्ज किए।



# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'

लाइफ Style



# आलिया

## तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।


नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था। एक फैन के तौर पर यह देखना निराशाजनक है कि इतनी अनोखी फ्रैंचाइजी अब मेनस्ट्रीम स्टार पावर की तरफ झुक रही है। मुझे बस उम्मीद है कि 'तुंबाड 2' अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी और काबिल कलाकारों को चमकने का मौका देगी। एक अन्य यूजर ने भी नाराजगी जताते हुए लिखा, 'प्लीज आलिया को कास्ट मत करो।

हॉलीवुड मसाला



# डिगर में दिखे अलग अंदाज में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड हीरो टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में टॉम क्रूज काफी अलग अंदाज में दिखे हैं। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिनेता का एक ऐसा अवतार, जैसे उन्हें पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। एक्शन हीरो टॉम क्रूज पर्दे पर आते हैं तो अलग ही रौब नजर आता है, साथ ही उनका लुक भी दमदार होता है। दमदार से यहां मतलब है कि फिटनेस से लेकर फैशन सेंस तक सब कुछ एकदम टिपटॉप।



# पॉल ने गर्लफ्रेंड नताली को बनाया जीवनसाथी...

**लॉस एंजिल्स।** 'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे। कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना।



# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'। उन्होंने कहा कि उनका आर्ट जिस बुलंदी पर था तो उस बुलंदी के नजदीक तो आना चाहिए ना, तब तो तुलना होगी।



# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई। यह दिन मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

टीवी मसाला

# कुमकुम के 24 साल पूरे, जूही ने साझा किया खास वीडियो

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'कुमकुमः एक प्यारा सा बंधन' के प्रसारण को 15 जुलाई को पूरे 24 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके पर शो की मुख्य अभिनेत्री जूही परमार ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और दर्शकों के प्रति आभार जाहिर किया है। जूही परमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह शो के मशहूर टाइटल ट्रैक पर नाचती नजर आ रही हैं। भावुक होकर उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियां कभी खत्म नहीं होतीं... वे बस लोगों के दिलों में जिंदा रहती हैं।' जूही ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, '15 जुलाई को जब 'कुमकुम' के 24 खूबसूरत साल पूरे हो रहे हैं, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ है। यह सचमुच अद्भुत है कि इतने कई साल बाद भी आपका प्यार उतना ही गहरा और खास है।' जूही ने आगे लिखा कि आज भी फैंस के मैसेज, शो की यादें और टाइटल ट्रैक गुनगुनाना उन्हें यह एहसास दिलाता है कि यह सिर्फ एक टीवी शो नहीं था, बल्कि लोगों के परिवारों और दिलों का एक बेहद करीबी हिस्सा बन चुका था। इतने साल बीत जाने के बाद भी दर्शकों का प्यार इस शो के लिए बिल्कुल वैसा ही बना हुआ है। टीवी का लोकप्रिय शो 'कुमकुम' 15 जुलाई 2002 से 13 मार्च 2009 तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित हुआ था। इस शो में जूही परमार ने कुमकुम और हुसैन कुवाजेरवाला ने सुमित की मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुमित और कुमकुम की जोड़ी को टीवी जगत की सबसे पसंदीदा और सुपरहिट जोड़ियों में गिना जाता है।



## लॉकअप 2 में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है। प्रतिभागियों के बीच खूब तकरार देखने को मिल रही है। वहीं, ड्रामा भी खूब हो रहा है। हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चौधरी के बीच तीखी तकरार हुई, जिसमें दोनों एक-दूसरे से 'औकात' पर बात करती नजर आईं। दरअसल, हालिया एपिसोड में देखा गया था कि आकांक्षा चौधरी को कड़ी सजा सुनाई गई और उन्होंने लॉकअप जेल में एक दिन बिताया। जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शिंदे के साथ उनका झगड़ा हुआ है। लॉकअप हाउस को दो वर्गों में बांटा गया था- कंट्रोलर और 'डिपेंडेंट'। कंट्रोलर होने के चलते शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा के साथ पिछले वीक हुए झगड़े में अपमान का बदला लेने की पूरी कोशिश की। उन्होंने आकांक्षा से अपने बिस्तर की चादरें बदलने को कहा, लेकिन 'डिपेंडेंट' होने के बावजूद आकांक्षा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इससे दोनों के बीच झड़प हो गई। बहस के बीच शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा से कहा, 'यही है तुम्हारी औकात है'।




# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।



# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।



### कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

### कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

## डायरेक्टर ने की थी सुसाइड की कोशिश

# 1957 में आई इस ब्लॉकबस्टर के क्लाइमेक्स के हुए थे 104 रीटेक

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की कई ऐसी फिल्में है जिनका नाम आज भी बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। आज हम आपकोएक ऐसी ही 69 साल पहले आई ब्लॉकबस्टर फिल्म के बारे में बता रहे हैं। फिल्म को डायरेक्ट किया था बॉलीवुड के महान एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गुरु दत्त ने। इस फिल्म के पूरे होने से पहले एक ऐसी खबर आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। ये खबर थी गुरु दत्त की सुसाइड की कोशिश की।*



### मजबूरी में एक्टिंग की थी

गुरु दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ एक्टिंग भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि गुरु दत्त ने मजबूरी में फिल्म में एक्टिंग की थी। हुआ कुछ ऐसा था कि गुरु दत्त फिल्म में दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। उन्होंने दिलीप कुमार से मुलाकात भी। दिलीप कुमार ने फिल्म के लिए हां भी कर दिया था।फिल्म के लिए दिलीप कुमार ने अपनी फीस डेढ़ लाख रुपए बताई थी।

### दिलीप कुमार को कास्ट करना चाहते थे

फीस सुनने के बाद गुरु दत्त ने दिलीप कुमार से फीस कम करने का अनुरोध किया था। फीस कम करने की बात पर दिलीप कुमार ने गुरु दत्त से कहा कि उन्हें पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूंकि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, तो उनकी जान-पहचान वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स फिल्म को ले लेंगे। इसपर गुरु दत्त ने कहा कि उनके जान पहचान के भी कुछ डिस्ट्रिब्यूटर्स हैं जिससे उन्होंने प्यासा का कमिटमेंट कर लिया है।

### *जान लेने की कोशिश की थी।*

*फिल्म की शूटिंग पूरे जोश से चल रही थी, लेकिन जब ये फिल्म पूरी होने वाली थी उसी वक्त मीडिया में एक हैरान करने वाली खबर आई थी। साल 1956 में फिल्म की शूटिंग अपने फाइनल स्टेज में थी और गुरु दत्त ने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई गई।*

***निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं :*** *गुरु दत्त जब इस फिल्म का शूट कर रहे थे, उनके निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं। गुरु दत्त और उनकी पत्नी गीता के बीच लड़ाई-झगड़े और दोनों के रिश्ते में दूरियां डायरेक्टर को परेशान कर रही थीं। इसका असर फिल्म के प्रोडक्शन में भी दिखा। कहा जाता है कि गुरु दत्त लगातार शूट करते रहते थे। इस फिल्म के क्लाइमेक्स का गुरु दत्त ने 104 बार रीटेक किया था। 104 रीटेक के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स फाइनल हो पाया था।*

### 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है प्यासा। ये फिल्म गुरु दत्त के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। आईएमडीबी के मुताबिक, प्यासा साल 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में गुरु दत्त ही लीड रोल में नजर आए थे।

### जब शूटिंग पर नहीं पहुंचे दिलीप कुमार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत के बाद भी दिलीप कुमार ने कहा कि वो शूटिंग पर आएंगे। हालांकि, जब फिल्म की शूटिंग शुरू होनी थी, उस दिन दिलीप कुमार सेट पर ही नहीं पहुंचे। गुरु दत्त ने किसी को दिलीप कुमार के घर भेजा, वहां जाकर पता चला कि दिलीप कुमार घर पर हैं ही नहीं। इसके बाद पता चला कि जिस कंपाउंड में प्यासा की शूटिंग होनी थी, उस कंपाउंड में नया दौर की शूटिंग चल रही है और दिलीप कुमार वहां पर हैं। गुरु दत्त ने दिलीप कुमार को मैसेज भिजवाया कि सब लोग सेट पर उनका इंतजार कर रहे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि वो 10 मिनट में आएंगे सेट पर, लेकिन दिलीप कुमार फिर भी नहीं आए। इसके बाद गुरु दत्त ने खुद इस फिल्म में एक्टिंग करने का फैसला लिया।

## डीसीपी ने झज्जर जोन के एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली

# जिले के संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त बढ़ाएं : डीसीपी

अपने-अपने क्षेत्र में विश्वसनीय व्यक्तियों, ग्राम प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों से नियमित संपर्क बनाए रखें: डीसीपी



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसीपी धारणा यादव।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

मंगलवार को डीसीपी धारणा यादव ने झज्जर जोन के सभी एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी मामले की जांच में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में विश्वसनीय व्यक्तियों, ग्राम प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों से नियमित संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि अवैध नशे, अवैध हथियारों तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के संबंध में समय पर सूचनाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने हिस्ट्रीशीटर, जमानत पर चल रहे अपराधियों तथा सक्रिय बदमाशों की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए, रात्रि पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाया जाए तथा वारंटियों, उद्घोषित अपराधियों और बेल जंपरों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं।

इस दौरान एसीपी अनिल कुमार, एसीपी अनिरुद्ध चौहान, एसीपी अखिल कुमार, एसीपी प्रदीप खत्री सहित थाना व चौकी प्रभारी मौजूद रहे।



झज्जर। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

## महिलाओं को नशे के दुष्प्रभाव, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

झज्जर। नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति टीम ने गांव भागलपुरी में महिलाओं को नशे के दुष्प्रभाव, महिला सुरक्षा तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया। एएसआई पवन कुमार ने महिलाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। महिलाओं से अपील की गई कि वे अपने परिवार और बच्चों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और आसपास कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में हो तो उसे उपचार के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या अन्य अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन



झज्जर। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

जींद से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का जिले सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर लाइव संबोधन होगा

आगामी 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का जिले सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर लाइव संबोधन होगा। जिसके लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में आमजन सक्रिय भागीदारी रहेगी। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में आयोजित होगा। जिसमें उपस्थित जन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन को सीधे सुन सुनेंगे। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर बैठने, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, पार्किंग, सुरक्षा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं: डीसी

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि मानसून के दौरान वर्षा की प्रत्येक बूंद अमूल्य है। सभी नागरिक सरकार के कैच द रेन अभियान से जुड़कर वर्षा जल संचयन का संकल्प लें और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं। उन्होंने कहा कि जल है तो जीवन है और जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर, आवासीय सोसायटी, सरकारी एवं निजी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अपनाया जाए। इससे वर्षा जल का संरक्षण होगा और भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाया निजी स्कूलों का मुद्दा

बहादुरगढ़। पूर्व पार्षद जसवीर सैनी ने बुधवार को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से चंडीगढ़ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के निजी स्कूलों से जुड़ी कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एमआईएस पोर्टल शीघ्र खोलने की मांग की। इससे स्कूल संचालकों को बच्चों का डाटा भरने और अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में दिक्कत आ रही है।

### बाजे भगत जयंती समारोह की तैयारियों पर मंथन

रोहतक। सूर्य कवि बाजे भगत स्मारक में सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 16 जुलाई को होने वाले सूर्य कवि बाजे भगत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। ट्रस्ट प्रधान सुरेश राणा ने बताया कि समारोह में हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार बाजे भगत की रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# जलभराव को लेकर पूर्व विधायक ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़ में 800 करोड़ के विकास कार्य कराने का दावा करते हैं विधायक

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बारिश के दौरान जल निकासी और सीवर व्यवस्था ठप होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जलभराव ने विकास के दावों की पोल खोल दी। शहर की कई कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर जलभराव तथा सीवर का दूषित पानी गलियों में फैलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि विधायक राजेश जून लगातार बहादुरगढ़ में 800 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने का दावा करते हैं। लेकिन पहली ही बारिश में उन दावों की हकीकत सामने आ गई है। शहर की अधिकांश सीवर लाइनें जाम हैं और समय पर सफाई नहीं होने के कारण दूषित पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है। राजेंद्र जून ने आरोप लगाया कि करीब एक वर्ष पहले सीवर लाइनों की सफाई के लिए सुपर सकर मशीन कहीं काम करती दिखाई नहीं दी। नगर की बदहाल सीवर व्यवस्था और जलभराव के लिए विधायक राजेश जून तथा संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी तरह जिम्मेदार हैं।

## वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायत

रोहतक। सुनारिया चौक के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस जांच में जुटी:** पुलिस के अनुसार पुरानी अनाज मंडी निवासी सूरज ने बताया कि उसका भाई सनी उर्फ नीतीश 2 जुलाई की रात स्कूटी से घर लौट रहा था। देवी विहार कॉलोनी के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल को पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

बैठक में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने का लिया संकल्प

# स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने को लेकर की चर्चा

■ भाजपा नेता मनीष बंसल ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

स्वदेशी व्यापारी मंच द्वारा मंगलवार को महाराजा अग्रसेन एजुकेशन ट्रस्ट कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा नेता मनीष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मंच के प्रदेश संयोजक अमित बंसल, स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश संगठक कुलदीप, आरएसएस जिला संघ चालक महेंद्र बंसल, श्रीगोशाला प्रधान प्रमोद बंसल आदि ने शिरकत की। बैठक में स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने, स्थानीय व्यापार को सशक्त बनाने, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, आपसी समन्वय तथा राष्ट्रहित में स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने तथा स्थानीय उद्योग एवं व्यापार के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



झज्जर। स्वदेशी व्यापारी मंच के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए ट्रस्ट सदस्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल, हेमचंद बंसल, शिव चरण गोयल, प्रीतम कुकड़ौला, सतनारायण गोयल, विपिन जैन, सुरेंद्र फोगाट, एडवोकेट सुमित गुप्ता, जगदीश वर्मा, आशीष चावला, मनीष मेहता, भूप सिंह काकराण, मुकेश मित्तल, चिंटू, औंकारनाथ सिंघल, सोमेश सिंघल, ठेकेदार विजेंद्र जांगड़ा, बंटी, सुशील कुमार, डॉक्टर गोरी शंकर वर्मा, विपिन बंसल, दिनेश जैन, राजेश मित्तल, नवीन बंसल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# स्विमिंग में छात्र मनवित ने बनाया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर



झज्जर। होनहार मनवित के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए डायरेक्टर जय विकास। फोटो : हरिभूमि

- जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया
- गोल्ड मेडल रजत और कांस्य तीनों पदक जीते

पेस ग्रुप के छात्र मनवित ने जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। पेस ग्रुप की पांचवीं कक्षा के छात्र मनवित ने यह पदक ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में हासिल किया। पेस ग्रुप के निदेशक जय विकास ने बताया कि इसके अलावा उसने 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक और 200 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीतकर एक ही प्रतियोगिता में तीन पदक अपने नाम किए। उन्होंने कहा कि पेस के बच्चे सिर्फ किताबों में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप दलाल, हरीश, संदीप, सुमित चावला और अश्वनी ने विजेता छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 24 घंटे में घर पर फायरिंग का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। लाखनमाजरा गांव में एक युवक के घर पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में रोहतक पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, 12 जुलाई को लाखनमाजरा निवासी नरेन्द्र की शिकायत पर लाखनमाजरा थाना में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि वह रात के समय अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान घर के बाहर उसके बेटे सुमित के नाम से आवाज लगाई गई। जब नरेन्द्र ने दरवाजा खोलकर देखा तो बाहर गांव का ही राहुल और उसके साथ एक अन्य युवक खड़ा था। आरोप है कि दोनों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी।

# बाबा कांशीगिरी मंदिर सेवा समिति के महासचिव देवराज भूगड़ा व कोषाध्यक्ष आशीष चावला बने

आम बैठक में सुधांशु हंस ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर



झज्जर। बैठक में उपस्थित मंदिर समिति के सदस्य, पदाधिकारी व प्रबुद्धजन।

बाबा कांशीगिरी मंदिर सेवा समिति के प्रधान धांशु हंस ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। सोमवार देर सांय मंदिर सदस्यों की हुई आम बैठक में सुधांशु हंस ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें देवराज भूगड़ा को महासचिव और आशीष चावला को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

चेयरमैन श्रवण मदान, मुख्य संरक्षक नरेंद्र मदान, संरक्षक वीके नरूला, लक्ष्मी नारायण काठपालिया, डॉक्टर गौतम आर्य, वीके शर्मा, उप-प्रधान पदम खट्टर, डॉक्टर शंकर ग्रोवर, राजकुमार चुघ, प्रदीप काठपालिया को बनाया गया है। जितेंद्र ग्रोवर, सतीश वर्मा, मनोज चुघ, भारत भूषण अग्निहोत्री, प्रिंस सेठी को मंदिर समिति के सचिव एवं मनीष मेहता, भारत भूषण नंदा, नूर नागपाल, वेद बहल समिति के प्रचार सचिव होंगे। जबकि अनिल छाबड़ा, ताराचंद भूटानी, नरेंद्र पाहवा संगठन सचिव, वहीं विनीत नरूला, गीतांशु चावला, विनोद भूटानी को मीडिया प्रभारी का कार्यभार दिया गया है। योगेश रंजन मंदिर प्रबंधक तथा सुभाष वर्मा, विकास वर्मा धर्मशाला के प्रबंधक की जिम्मेवारी संभालेंगे।

उपलब्धि | प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर किया रोशन

# उत्तराखंड में 48 घंटे की अल्ट्रा रन में शिक्षक गुलाब सिंह बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



727 चक्कर पूरे कर चैंपियनशिप अपने नाम की

शहर के सेक्टर-9 निवासी एवं पेशे से शिक्षक गुलाब सिंह ने उत्तराखंड के रानीखेत में आयोजित प्रतिष्ठित अल्ट्रा एंड्योरेंस प्रतियोगिता द ट्रांस लूप्स 48 घंटे अल्ट्रा स्टेडियम रन में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के साथ ही पूरे हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

रानीखेत में द एंड्योरेंस कलेक्टिव द्वारा इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए धावकों ने 6, 12, 24 और 48 घंटे की श्रेणियों में भाग लिया। बहादुरगढ़ निवासी 41 वर्षीय गुलाब सिंह ने 48 घंटे की सबसे कठिन श्रेणी में अद्भुत मानसिक और शारीरिक क्षमता का परिचय देते हुए 727 चक्कर पूरे कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी और कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर के लेफ्टिनेंट कर्नल गुरप्रीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। समापन समारोह में कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विजयंत महादिक और मनीषा महादिक ने विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। बीआरजी के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि गुलाब सिंह बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 में रहते हैं और दिल्ली के नांगलोई स्थित विद्यालय में छठी से 10वीं तक के विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान विषय पढ़ाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ खेलों के प्रति उनका समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुका है। गुलाब सिंह ने 5 साल पहले बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के वार्षिक आयोजन में महज 5 किलोमीटर दौड़ से अपनी रनिंग यात्रा शुरू की थी। लेकिन अब वे देश के शीर्ष अल्ट्रा धावकों की श्रेणी में खड़े हैं। गुलाब सिंह ने बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप और पूरे शहर का नाम देशभर में रोशन किया है।

## रेलवे रोड पर हर 5 मिनट में लगता जाम

रोहतक। शहर की सबसे व्यस्त और प्रमुख व्यावसायिक सड़कों में शामिल रेलवे रोड अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से जूझ रही है। करीब 60 फुट चौड़ी यह सड़क कागजों में भले ही पर्याप्त चौड़ी दिखाई देती हो, लेकिन हकीकत में सड़क का बड़ा हिस्सा रेहड़ी-फड़ी, दुकानों के बाहर फैले सामान और दोनों तरफ खड़े वाहनों की भेंट चढ़ चुका है। हालात यह हैं कि कई स्थानों पर वाहनों की आवाजाही के लिए महज 30 फुट सड़क ही बचती है। सुबह से देर रात तक यहां जाम की स्थिति बनी रहती है और वाहन चालकों से लेकर पैदल राहगीरों तक सभी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रेलवे रोड पर रोजाना हजारों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा यह मार्ग रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार और शहर के कई प्रमुख हिस्सों को जोड़ता है। ऐसे में दिनभर वाहनों का दबाव बना रहता है। अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

# बादली कॉलेज में स्नातक द्वितीय और तृतीय वर्ष में हो रहे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा महाविद्यालय में स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष के साथ ही स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की प्रवेश एवं प्रमोशन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में भी प्रमोटेड विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया जारी है।

प्राचार्य मेजर आनंद काद्याण ने बताया कि सभी प्रमोटेड विद्यार्थी 24 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के प्रवेश ले सकते हैं। इसके बाद विभाग द्वारा निर्धारित विलंब शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी समय पर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाएं। नोडल अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा विद्यार्थियों के प्रमोशन एवं शुल्क विवरण को पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट किया जा रहा है।



बादली। कॉलेज में हेल्पडेस्क पर छात्रों का इंतजार करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, राम सूरत यादव पुत्र श्री नागेशवर यादव निवासी मकान नंबर 507, गली नंबर-2, दुर्गा कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू व पुत्रवधु अन्नू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़।**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप चौहान (पुत्र), रघुविन्द्र चौहान (पौत्र), प्रवीन चौहान (पौत्र) पुत्र/पति/पत्नी श्री लखमी चन्द चौहान, बलवान सिंह निवासी नई बस्ती बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. New ID 0181818529304 Word No. कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के Property Tax रिकोर्ड में के नाम दर्ज है कि मृत्यु उपरान्त अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकोर्ड मे उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति न० New ID 0181818529304 वार्ड न० कॉलोनी नई बस्ती बहादुरगढ़ पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर पषिद बहादुरगढ़ कार्यालय मे आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह सम्पति वर्ग गज प्रार्थी प्रदीप चौहान (पुत्र), रघुविन्द्र चौहान (पौत्र), प्रवीन चौहन (पौत्र) पुत्र/पति/पत्नी श्री लखमी चन्द चौहान, बलवान सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड मे दर्ज कर दी जायेगी। जिसमे नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील (पुत्र), रमण (पुत्र), अजीत (पुत्र) स्व. गोरधन निवासी जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3B2NVT06 वार्ड नंबर-16 कॉलोनी जटवाड़ा मोहल्ला, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में गोरधन के नाम से दर्ज है। गोरधन की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3B2NVT06 वार्ड नंबर-16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा, इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह संपति-3B2NVT06/88.58 वर्ग गज श्री सुनील (पुत्र), रमण (पुत्र), अजीत (पुत्र) स्व. गोरधन के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

## जिले के स्थापना दिवस पर विशेष : देश के मानचित्र पर तेजी से उभरा अपना जिला झज्जर

# रोहतक से अलग होकर अस्तित्व में आए झज्जर ने 29 वर्षों में बदली अपनी तस्वीर और तकदीर

**कभी सीमित संसाधनों वाला यह पिछड़ा क्षेत्र आज बेहतर सड़क संपर्क, रेल नेटवर्क और बहादुरगढ़ तक पहुंची मेट्रो की सुविधा से लैस है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणादायी गाथाओं और आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा ऐतिहासिक जिला झज्जर वर्तमान में पूरे भारतवर्ष में अपनी पहचान बना चुका है। 15 जुलाई 1997 को रोहतक जिले से अलग होकर अस्तित्व में आए झज्जर ने बीते 29 वर्षों में विकास की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने इसकी तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी हैं। कभी सीमित संसाधनों वाला यह पिछड़ा क्षेत्र आज बेहतर सड़क संपर्क, रेल नेटवर्क और बहादुरगढ़ तक पहुंची मेट्रो की सुविधा से लैस है। झाड़ली स्थित इंदिरा गांधी सुपर थर्मल पावर प्लांट प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जबकि औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के विस्तार ने जिले को नई गति प्रदान की है। बाढ़सा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान ने जिले को देश के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों की श्रेणी वाले जिलों में स्थापित करने का काम किया है। वहीं खेलों में भी जिले ने देश-दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ी है। यहां के खिलाड़ियों ने शूटिंग, कुश्ती, बॉक्सिंग और अन्य खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाली गोल्डन गर्ल मनु भाकर व अमन सहरावत भी इसी जिले के खिलाड़ी हैं। जिन्होंने विश्व स्तर पर झज्जर को पहचान दिलाई। कृषि, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति के साथ झज्जर आज परंपरा और आधुनिकता का सफल संगम बनकर उभरा है। जिले की यह विकास यात्रा बीते 29 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव है।



झज्जर। बाढ़सा गांव स्थित एम्स कैंपस। (फाईल फोटो)

### प्रदेश को दिया था पहला मुख्यमंत्री

झज्जर जिले की पहचान केवल विकास तक सीमित नहीं है। यह जिला हरियाणा के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा की जन्मभूमि बेरी के कारण भी विशेष गौरव रखता है। उनके नेतृत्व ने नवगठित हरियाणा की प्रशासनिक और लोकतांत्रिक नींव को मजबूत किया था। जिससे इस जिले का नाम प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में भी स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है।

### वर्ष 2013 में बजी थी झज्जर में रेल की सीटी

वर्ष 2013 में यहां के लोगों को रेल की सीटी सुनने का सपना साकार हुआ। क्यूंकि झज्जर में रेल लाने के लिए यहां के लोगों को खूब संघर्ष करना पड़ा था। वर्ष 2006-07 में रेवाड़ी-झज्जर-रोहतक रेलवे लाइन के लिए जमीन अधिगृहित की गई थी और वर्ष 2007 में रेलवे लाइन का निर्माण कार्य शुरू हो गया था। वर्ष 2012 में रेलवे ट्रैक बनकर तैयार हो गया था। जनवरी 2013 के पहले सप्ताह में रेवाड़ी से पहली पैसेंजर ट्रेन आई थी।



### बहादुरगढ़ को मिली मेट्रो की सौगात

जिले के औद्योगिक शहर बहादुरगढ़ को 24 जून 2018 को मेट्रो की सौगात मिली। मुंडका स्टेशन को बहादुरगढ़ से जोड़ा गया। जिसके चलते दिल्ली जाने वाले लोगों की यात्रा सुगम हुई। वहीं व्यापार के कई नए रास्ते भी खुले।

झज्जर। बहादुरगढ़ को मिली मेट्रो की सौगात। (फाईल फोटो)

### एम्स, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट की हुई स्थापना

बादली उपमंडल के गांव बाढ़सा में एम्स, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना हुई। जोकि चिकित्सीय क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे यहां के लोगों के अलावा पूरे हरियाणा के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। वहीं पूरे भारतवर्ष में जिले की एक अलग पहचान बनी है।

### आजादी से पहले फहराया गया था झज्जर में तिरंगा

यदि जिले के ऐतिहासिक गौरव की बात की जाए तो यहां आजादी से पहले ही तिरंगा फहराया जा चुका है। आजादी से करीब 25 साल पहले असहयोग आंदोलन के दौरान झज्जर के ऐतिहासिक टाउन हॉल पर तिरंगा फहराए जाने की यह घटना इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। 15 जनवरी 1922 के उस ऐतिहासिक दिन के किस्से आज भी सुनने को मिलते हैं जब स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा ने आजादी के दीवाने राव मंगलीराम व लाला हरि सिंह जैन के साथ मिलकर टाउन हाल पर लगे यूनियन जैक को उतारकर लोकमान्य तिलक व महात्मा गांधी के चित्र के साथ तिरंगा फहरा दिया था। लोग बताते हैं कि तीन दिनों तक टाउन हॉल पर तिरंगा फहराता रहा। हालांकि इस घटना के बाद अंग्रेजी हुकूमत द्वारा लाठीचार्ज करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को जीप के पीछे बांधकर घसीटा और उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डालकर अमानवीय यातनाएं भी दीं।

### पैनासोनिक, डैसों, झाड़ली पॉवर प्लांट ने दिलाई विश्वस्तर पर पहचान

दादरी तोए गांव के नजदीक पैनासोनिक, डैसों जैसी विदेशी कंपनियों की एंट्री हुई है। इन कंपनियों द्वारा यहां बड़ी यूनिट लगाई गई है। जिससे आसपास क्षेत्र के युवाओं को रोजगार भी मिला है। वहीं आधुनिक रिलायंस मेट सिटी भी विकसित की गई है। इसके अलावा झाडली गांव में पॉवर प्लांट लगाए गए है। राष्ट्रीय स्तर के प्रारंभ शिक्षण संस्थान, इंजीनियरिंग कॉलेज बने है। शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, परिवहन सभी क्षेत्रों में झज्जर का विकास हुआ है।






झज्जर। सुपर-100 प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा सुपर 100 परीक्षा में 20 विद्यार्थियों ने लिया भाग

झज्जर। स्थानीय शहीद रमेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को हरियाणा सुपर-100 की लेवल-1 प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें जिले के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी जसवीर दलाल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर आयोजित हरियाणा सुपर-100 कार्यक्रम के इस वर्ष के उत्कृष्ट परिणामों, विशेषकर आईआईटी एडवांस्ड में विद्यार्थियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखते हुए कार्यक्रम की 100 अतिरिक्त सीटों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही हरियाणा सुपर-100 की कुल सीटें 400 से बढ़ाकर 500 कर दी गई हैं। जिससे अधिक से अधिक मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को इस आवासीय शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि लेवल-1 परीक्षा का परिणाम आगामी 17 जुलाई को घोषित किया जाएगा। इसके उपरांत चयनित विद्यार्थियों की लेवल-2 परीक्षा 19 जुलाई से हरियाणा सुपर-100 परिसर में आयोजित की जाएगी। जिसके आधार पर विस्तारित 100 सीटों के लिए अंतिम चयन किया जाएगा।

## खरहर गांव व डीएवी स्कूल में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव के तहत गांव खरहर और बहादुरगढ़ के डीएवी स्कूल में स्थानीय लोगों व विद्यालय प्रशासन की सहायता से पौधरोपण किया गया।

गांव खरहर के खेल स्टेडियम में पूर्व पार्षद वजीर राठी व आर्य राजेश राठी के नेतृत्व में स्टेडियम की समिति व आर्य समाज खरहर के सहयोग से पौधरोपण किया गया। वहीं डीएवी स्कूल में प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। ग्रामीणों से लेकर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिलाध्यक्ष आर्य हरिओउ्म दलाल ने बताया कि पौधारोपण के उपरांत स्टेडियम की समिति के पदाधिकारियों, गांव के आर्य समाज के लोगों और स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों ने इन पौधों की देखरेख व सेवा सुश्रुषा का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर आर्य रॉबिन, मयंक, सागर, साहिल, हर्षिता, राजेंद्र, अनिल राठी, विनोद आर्य, संदीप कुमार, ब्रह्मजीत आर्य, व्रतपाल राठी व रणबीर कादयान आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। डीएवी स्कूल में पौधे लगाते विद्यार्थी व आर्य समाजी। फोटो : हरिभूमि

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

झज्जर। पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से जन कल्याण फाउंडेशन बेरी द्वारा स्थानीय हर्बल पार्क में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने पौधा लगाकर किया। उन्होंने पौधारोपण करते हुए समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था प्रधान संजीव कुमार ने बताया यह अभियान जुलाई माह के अंत तक चलेगा इसके लिए संस्था द्वारा करीब 70 हजार रुपये के पौधे मंगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अतंर्गत बाबा बुधपुरी पार्क व मां भीमेश्वरी देवी पार्क सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी पौधारोपण किया जाएगा। इस मौके अत्तर सिंह कादियान, कीर्ती, पूजा, विहान, हर्षित आदि उपस्थित रहे।



झज्जर। पौधरोपण करते हुए महंत राजेंद्र दास महाराज। फोटो : हरिभूमि

### लायंस क्लब ने 20 पौधे लगाए

बहादुरगढ़। लांयस क्लब बहादुरगढ़ टाउन द्वारा सांपला के नालंदा स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम के तहत 20 पौधे लगाकर पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लायंस क्लब की तरफ से गुलशन शर्मा, संजय गुप्ता, हेमंत सलूजा, स्वर्णजीत बत्रा, मुकेश बंसल व संजय टक्कर आदि ने सहयोग दिया। स्कूल संचालक सूबे सिंह ने भी अपना योगदान दिया।

### विधायक ने नींव रखते हुए अतिरिक्त ग्रांट दिलाने का दिया भरोसा

## डाबोदा कलां में 20.80 लाख से बनेगी चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव डाबोदा कलां में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक राजेश जून ने विधायक कोटे से 20 लाख 80 हजार रुपये की लागत से बनने वाली नई चौपाल के निर्माण कार्य की विधिवत नींव रखी। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि भविष्य में इस चौपाल को और अधिक भव्य स्वरूप देने के लिए अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता पड़ी तो उसके लिए भी सरकार से ग्रांट स्वीकृत कराकर उपलब्ध कराई जाएगी।

चौपाल की नींव रखने पहुंचे विधायक राजेश जून का ग्रामवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक राजेश जून ने बताया कि फिलहाल विधायक कोटे से 20.80 लाख रुपये की राशि से चौपाल का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार का बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान है। हलके के विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार लगातार गांवों और शहरों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विकास कार्यों पर प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। विधायक ने ग्रामवासियों से कहा कि चौपाल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए, इस पर निरंतर अपनी निगरानी रखें। चौपाल का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप होगा तो वर्षों तक यहां सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों के साथ चौपाल निर्माण की नींव रखते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### न्यूज डायरी



बहादुरगढ़। दीपक कुमार का स्वागत करते कोबी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### नवनियुक्त सीजीएसटी आयुक्त का किया स्वागत

बहादुरगढ़। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने सीजीएसटी रोहतक के नवनियुक्त आयुक्त दीपक कुमार से मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। सीजीएसटी आयुक्त दीपक कुमार ने कोबी के निवेदन पर आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही समय निकालकर कोबी कार्यालय में करदाताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित करेंगे। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, दीपक शर्मा, पुरुषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, अनिल गोयल, रुद्र गर्ग और प्रवीण अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया। संवाद कार्यक्रम से करदाताओं को विभागीय प्रक्रियाओं, नवीन प्रावधानों एवं व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के संबंध में प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्राप्त होगा तथा विभाग और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास का वातावरण विकसित होगा।



बहादुरगढ़। संपादित पुस्तक का विमोचन करते प्रिंसिपल डॉ. सुशील दलाल।

### छारा कॉलेज में संपादित पुस्तक का विमोचन

बहादुरगढ़। छारा के राजकीय महाविद्यालय में इनोवेशन, इंक्लूजन, सस्टेनेबिलिटी : एन इंडियन प्रेस्पेक्टिव शीर्षक से प्रकाशित संपादित पुस्तक का विधिवत प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल ने विमोचन किया। यह पुस्तक वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. जयंत और भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अश्वनी कुमार ने संयुक्त रूप से संपादित की है। प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल ने दोनों संपादकों को इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में नवाचार, समावेशन और सतत विकास जैसे विषय वैश्विक स्तर पर अत्यंत प्रासंगिक हैं। डॉ. जयंत और डॉ. अश्वनी ने बताया कि इस पुस्तक में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से जुड़े शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं के शोधपरक अध्याय सम्मिलित किए गए हैं। इस दौरान उपस्थित डॉ अनीता दलाल, डॉ संजय देसवाल, देवेंद्र, मोनिका व मंजू मलिक आदि ने दोनों संपादकों की इस उपलब्धि की सराहना की। सभी ने डॉ. जयंत और डॉ. अश्वनी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



बहादुरगढ़। रेनु गुलिया को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### रेनु गुलिया के साहस को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। बादली राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रेनु गुलिया ने साहसिक प्रशिक्षण शिविर को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसमें बीए प्रथम वर्ष छात्र अंशु भी शामिल रहा। यह शिविर लाहौल व स्पीति में लगाया गया था। दोनों को कॉलेज प्राचार्य ने भी सम्मानित किया। कॉलेज प्राचार्य आनंद कादयान तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप ने दोनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से अन्य स्वयंसेवक भी प्रेरणा लेंगे। बता दें कि यह प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश के सोलांग में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सहायक खेल संस्थान में आयोजित किया गया। वह हरियाणा राज्य से चयनित 100 एनएसएस प्रतिभागियों में सम्मिलित थीं तथा झज्जर जिले से एकमात्र कार्यक्रम अधिकारी थीं। रेनु गुलिया और अंशु ने रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, ट्रेकिंग, कैंपिंग, जंगल क्राफ्ट, सर्वाइवल स्किल्स तथा नेतृत्व कौशल जैसी विभिन्न प्रारंभिक साहसिक गतिविधियों में दक्षता प्राप्त की। शिविर के दौरान उन्होंने लगभग 70 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। इस दौरान 10 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचकर अदम्य साहस, धैर्य एवं शारीरिक क्षमता का परिचय दिया।



बहादुरगढ़। स्कूल बस चालकों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

### बसों की जांच के बाद चालकों को किया जागरूक

बहादुरगढ़। यातायात प्रबंधक सतीश कुमार के नेतृत्व में पटेल नगर स्थित रामा भारती स्कूल में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल की 20 बसों का निरीक्षण किया गया। बसों में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों तथा वाहन दस्तावेजों की वैधता सहित सभी सुरक्षा मानकों की जांच की गई। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बस चालकों और परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, बच्चों को सुरक्षित तरीके से बस में चढ़ाने-उतारने आदि निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी चालक पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता और अनुशासन के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**रस्म तेरहवीं**



**स्व. श्री दयानंद**
आप सभी को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री दयानंद (पुत्र स्वर्गीय श्री रामकला) का आकस्मिक निधन दिनांक 06.07.2026 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म तेरहवीं बृहस्पतिवार, दिनांक 16.07.2026 को ग्राम- डाबोदा खुर्द में होगी।
**शोकाकुल**
पतासो (धर्मपत्नी) संजय (पुत्र) | पवन (पुत्र) विरेन्द्र (पुत्र) | एवं समस्त परिवार
मोबाइल नं. : 9312586263